संख्या-14/2019/918/60-2-19-2/1(24)17टी0सी0

प्रेषक,

गया प्रसाद,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,

बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 **लखनऊ : दिनांक : 07 मार्च, 2019**

विषय : अनुदान संख्या-49 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए शबरी संकल्प अभियान के अन्तर्गत प्रावधानित धनराशि के सापेक्ष आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गैस चूल्हा, सिलेंडर, पकाने व खाने के बर्तनों की व्यवस्था करने हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अनुदान संख्या-49 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए हाट कुक्ड योजना के अन्तर्गत 21 जनपदों के 24710 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गैस चूल्हा, सिलेंडर, पकाने व खाने के बर्तनों की व्यवस्था करने हेतु प्रति आंगनबाड़ी केन्द्र रू0 6012.00 की दर से कुल रू0 1485.56 लाख (रू0 चौदह करोड़ पचासी लाख छप्पन हजार मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते हैं :-

(1) उपरोक्तानुसार सामग्री का क्रय महिला एवं बाल विकास अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-5/2019/172/60-2-19-2/3(2)08टीसी दिनांक 17 जनवरी, 2019 में दिये गये निर्देशानुसार किया जायेगा।

(2) सामग्री क्रय करते समय वस्तुओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।

3- उक्त प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति इस सम्बन्ध में निर्गत वित्तीय स्वीकृतियों में उल्लिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन होगी।

भवदीय,

(गया प्रसाद)

विशेष सचिव।

संख्या-14/2019/918(1)/60-2-19-2/1(24)/17टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।

3- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।

4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1

5- आहरण एवं वितरण अधिकारी, निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ।

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शिवराज कुमार यादव)

अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in